web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 29 जनवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 122

## महत्वपूर्ण एवं खास

### अमेरिका में फ्लू से 100 से अधिक बच्चों की मौत

**लॉस एंजेलिस।** यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस सीजन में अब तक अमेरिका में फ्लू से 91 बच्चो की मौतें हुई हैं। सीडीसी के अनुमान के मुताबिक देश में फ्लू से कम से कम 25 मिलियन लोग बीमार हुए। 280,000 लोग अस्पताल में भर्ती हैं और 17 हजार मौतें हुई हैं। सीडीसी के आंकड़ों से पता चलता है कि 21 जनवरी को समाप्त हुए सप्ताह में अमेरिका में फ्लू के कारण लगभग 4,000 लोग अस्पताल में भर्ती हुए थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार इस सप्ताह इन्फ्लूएंजा से छह बच्चों की मौत की सूचना मिली थी। सीडीसी के मुताबिक 6 महीने और इससे अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को वार्षिक फ्लू का टीका लगवाना चाहिए।

### कर्ज में डूबे पाकिस्तान पर अब नया खतरा, रहस्यमय बीमारी से 18 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कराची के केमारी इलाके में एक रहस्यमय बीमारी से 14 बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान के इस दक्षिणी बंदरगाह शहर में स्वास्थ्य अधिकारी अभी भी मौत के कारणों का पता नहीं लगा पाए हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक अब्दुल हमीद जुमानी ने इसकी पुष्टि की कि केमारी के मावाच गोथ इलाके में 10 से 25 जनवरी के बीच रहस्यमयी बीमारी से 14 बच्चों सहित 18 लोगों की मौत हो गई। अब्दुल हमीद जुमानी ने कहा, इन मौतों के कारणों का पता लगाने के लिए एक स्वास्थ्य टीम अभी काम कर रही है, लेकिन हमें संदेह है कि यह समुद्र या पानी से संबंधित हो सकता है क्योंकि गोथ (गांव) जहां ये मौतें हुई हैं, वह तटीय क्षेत्र के बेहद करीब है। मावाच गोथ एक झुग्गी बस्ती क्षेत्र है जहां के लोग ज्यादातर दिहाड़ी मजदूर या मछुआरे हैं। जुमानी ने कहा कि मृतकों के परिजनों ने पुष्टि की थी कि मरने से पहले उनके परिजनों को तेज बुखार, गले में सूजन और सांस लेने में तकलीफ हुई थी।

### इन्द्रावती टायगर रिजर्व ने हिरण के दो बच्चों का किया रेस्क्यू

**बीजापुर (आरएनएस)।** इन्द्रावती टायगर रिजर्व के अन्तर्गत पामेड़ अभ्यारण क्षेत्र मे 23 जनवरी को सीआरपीएफ द्वारा सर्चिंग के दौरान जंगल में लावारिस हालत में हिरण के दो छोटे बच्चे पाये गये। जिन्हें उनके द्वारा रेस्क्यू कर सीआरपीएफ कैम्प में लाकर डॉक्टर की निगरानी में सुरक्षित रखा गया। इसकी सूचना इन्द्रावती टायगर रिजर्व प्रबंधन को देने पर परिक्षेत्र अधिकारी सुबोध झा अपने स्टॉफ के साथ तत्काल सीआरपीएफ कैम्प पामेड़ पहुंचकर हिरण के दोनों बच्चों को अपने अधीन लेकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। 24 जनवरी को हिरण के बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के अन्तर्गत वन्यप्राणी प्रजनन केन्द्र कुटुमसर को सौंपा गया। हिरण के दोनों बच्चों की पहचान मादा के रूप में की गई है। इस कार्य में अमृतेश कुमार चौधरी डिप्टी कमांडर एवं डॉक्टर राहुल कुमार 204 कोबरा बटालियन पामेड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मध्यप्रदेश के मुरैना में एयरफोर्स के दो लड़ाकू विमान टकराए, दो की मौत; भरतपुर में चार्टर्ड प्लेन क्रैश, रेस्क्यू जारी



**मुरैना (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के मुरैना में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया जिसमें एयरफोर्स के दो लड़ाकू विमान सुखोई-30 और मिराज 2000 दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस हादसे में 2 लोगों की मौत की खबर है। सूचना मिलते ही मौके पर राहत बचाव दल पहुंच गया है और आगे की कार्रवाई में जुट गया है। रक्षा सूत्रों के मुताबिक दोनों विमानों ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरी थी, जहां अभ्यास चल रहा था।

बता दें कि इससे कुछ देर पहले ही यूपी के आगरा से उड़ान भरने वाला एक हेलीकॉप्टर राजस्थान के भरतपुर जिले के उच्छैन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। गनीमत रही है कि रिहाइशी इलाके में ये प्लैन क्रैश नहीं हुआ। डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि भरतपुर में एक चार्टेड एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

वहीं दूसरी तरफ राजस्थान के भरतपुर जिले में शनिवार को एक चार्टर्ड विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्लेन के क्रैश होने से उसमें आग लग गई। सूचना के बाद जिला प्रशासन मौके पर पहुंच चुका है।

बता दें कि ग्रामीणों ने जैसे ही धमाके की आवाज सुनी, तुरंत वे हेलीकॉप्टर के पास पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। लेकिन हेलीकॉप्टर कुछ ही देर में जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने हेलीकॉप्टर के अंदर दो लोगों के होने की संभावना जताई है।

भरतपुर के जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने बताया कि पुलिस और प्रशासन को मौके पर भेजा गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। विमान क्रैश होने का कारण तकनीकी खराबी बताया जा रहा है। डिफेंस पीआरओ अमिताभ शर्मा ने इसकी पुष्टि की है, लेकिन अभी तक यह पता नहीं चला है कि कौनसा विमान क्रैश हुआ है। वायुसेना के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं।

### धनबाद के हाजरा अस्पताल में लगी भीषण आग, डॉक्टर दंपति समेत 6 मरीजों की मौत




**धनबाद (आरएनएस)।** झारखंड के धनबाद जिले में हाजरा क्लीनिक अस्पताल में बीती देर रात आग लग गई। आग की चपेट में अस्पताल में भर्ती कुछ मरीज आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे में अबतक अस्पताल के डॉक्टर विकास हाजरा और उनकी पत्नी डॉ प्रेमा हाजरा समेत 6 मरीजों की मौत हो गई। घटना करीब रात 2 बजे की है। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल गाडिय़ों को आग बुझाने और रेस्क्यू करने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग लगने के कई घंटो बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना के बारे में पुलिस ने बताया कि डॉक्टर दंपति समेत 6 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। आग पर काबू पा लिया गया है। सूचना मिलने के तुरंत बाद दमकल की गाडिय़ां पहुंची थीं। आग की वजहों के बारे में कोई पुख्ता सबूत नहीं मिले हैं। हालांकि शार्ट सर्किट की वजह सामने आ रही है। मेडिकल ऑक्सीजन की वजह से आग पर काबू पाना मुश्किल हो रहा था। मृतकों की लाश पोस्टमार्टम के लिए भेजी गई है।

## शराब के नशे में धुत्त शिक्षक पहुचा स्कूल, मचा हंगामा, बीइओ ने किया सस्पेंड

**बिलासपुर (आरएनएस)।** बिलासपुर. मस्तुरी क्षेत्र के एक स्कूल में गणतंत्र दिवस पर शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंच गया. शिक्षक को नशे में देखकर ग्रामीणों ने हंगामा मचाया और ग्राम सभा की बैठक बुलाकर शिक्षकों के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया. इस दौरान नशेबाज टीचर ने कहा कि आप लोगों को जो करना है कर लो, मेरा कुछ नहीं होगा. इस मामले में डीईओ ने शराबी टीचर को सस्पेंड कर दिया है. मामला मस्तूरी ब्लॉक के जुनवानी स्कूल का है।

जानकारी के मुताबिक मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम जुनवानी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में गणतंत्र दिवस समारोह पर स्कूली बच्चे ध्वजारोहण के लिए शिक्षकों का इंतजार कर रहे थे. निर्धारित समय पर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे. कुछ देर बाद संकुल प्रभारी राम सागर कश्यप शराब के नशे में लडख़ड़ाते हुए ध्वजारोहण करने स्कूल पहुंचे.

काफी समय बीतने पर स्कूल के दूसरे शिक्षक पहुंचे. जब ग्रामीणों ने उनका वीडियो बनाना शुरू किया तो वे कहने लगे कि इस वीडियो को सीएम भूपेश बघेल तक पहुंचा दो, मेरा कुछ नहीं बिगडऩे वाला. इससे नाराज ग्रामीणों ने ग्राम सभा की बैठक बुलाई और शराबी संकुल समन्वयक शिक्षक राम सागर कश्यप के खिलाफ कार्यवाही के लिए प्रस्ताव पास किया.

वहीं देर से स्कूल आने वाले शिक्षकों को समय पर स्कूल पहुंचने के लिए शपथ पत्र भरवाया गया. इस मामले की शिकायत और वायरल वीडियो के आधार पर शराबी शिक्षक को सस्पेंड कर दिया गया है. डीईओ ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

## डीआरआई ने 157 संरक्षित जानवरों, सरीसृपों को बचाया



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दो अलग-अलग अभियानों में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 157 संरक्षित जानवरों और सरीसृपों को छुड़ाया है। डीआरआई ने 'ऑपरेशन कल्कि' शुरू किया जिसके तहत गिरफ्तारियां और बरामदगी की गई।

अधिकारी ने बताया कि पहले अभियान में डीआरआई ने केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से कथित तौर पर संरक्षित पशुओं की तस्करी करने की कोशिश कर रहे एक महिला सहित तीन लोगों को पकड़ा था।

आरोपी 22 जनवरी को बैंकॉक से एयरपोर्ट पहुंचा था।

डीआरआई ने कहा, उनके चेक-इन किए गए सामान की जांच के दौरान कर्नाटक वन विभाग के अधिकारियों की सहायता से गैर-स्वदेशी 18 जानवर (चार प्राइमेट और 14 सरीसृप) बरामद किए गए।

वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम में परिभाषित जंगली जानवरों का आयात निषिद्ध है और वे प्रजातियां जो एसआईटीईएस (वन्य जीवों और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन) में सूचीबद्ध हैं, एसआईटीईएस के प्रावधानों के अधीन हैं।

इन यात्रियों द्वारा तस्करी किए जाने वाले पशुओं को सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत जब्त कर लिया गया।

दूसरे ऑपरेशन में वन विभाग के अधिकारियों की सहायता से डीआरआई ने बेंगलुरु के एक फार्महाउस से 48 विभिन्न प्रजातियों के 139 जानवरों को बरामद किया, जिनमें 34 सीआईटीईएस सूचीबद्ध प्रजातियां शामिल हैं।

अधिकारी ने कहा, हमारी टीम द्वारा व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तस्करी, खरीद-बिक्री के माध्यम से गैर-स्वदेशी वन्यजीवों के स्रोत के लिए वित्तीय लेनदेन के साक्ष्य का पता लगाया गया है।अधिकारी ने कहा कि बरामद किए गए जानवर, जिनमें पीले और हरे एनाकोंडा, पीले सिर वाले अमेजॅन पैरट, नील मॉनिटर, रेड फुट कछुआ, इगुआनास, बॉल पाइथन, एलीगेटर गार, याकी बंदर, घूंघट गिरगिट, रैकून डॉग, जैसे बेहद दुर्लभ और खतरे वाले जानवर शामिल हैं।

भारत में तस्करी में शामिल चार लोगों को भी अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है।

## एनसीसी स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी, 75 रुपए का स्मारक सिक्का किया जारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** एनसीसी अपना 75वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर पीएम मोदी ने दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में नेशनल कैडेट कोर परेड की सलामी ली। इस मौके पर पीएम मोदी ने 75 रुपए मूल्य का एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। उनके साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'आजादी के 75 वर्ष के इस पड़ाव में एनसीसी भी अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। इन वर्षों में एनसीसी का जिन लोगों ने प्रतिनिधित्व किया है, जो इसका हिस्सा रहे हैं, मैं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना करता हूं। आज इस समय मेरे सामने जो एनसीसी में कैडेट हैं वो तो और विशेष हैं। विविधताओं से भरी हुई मगर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के मूल मंत्र को हिन्दुस्तान के कोने-कोने में लेकर जाने वाला ये कार्यक्रम हमेशा-हमेशा याद रहेगा।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'आप एनसीसी कैडेट के रूप में भी और देश के युवा के रूप में भी एक अमृत पीढ़ी का नेतृत्व करते हैं। ये अमृत पीढ़ी आने वाले 25 वर्षों में देश को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाएगी। देश के विकास में एनसीसी की क्या भूमिका है, ये हमने देखा है। भारत के युवाओं के लिए यह नए अवसरों का समय है। हर कोई भारत की बात कर रहा है, कह रहा है 'भारत का समय आ गया है'। इसका श्रेय भारत के युवाओं को दिया जा सकता है।'

पीएम मोदी ने कहा कि जिस देश के युवा उत्साह और जोश से भरे हुए हों, उस देश की प्राथमिकता सदैव युवा ही होंगे। आज का भारत भी अपने सभी युवा साथियों को वो मंच देने का प्रयास कर रहा है जो आपके सपने को पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि एक भी मौका खोना नहीं है, बस मां भारती को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लेकर चलते ही रहना है, बढ़ते ही रहना है। नई-नई सिद्धियों को प्राप्त करते ही जाना है, विजयश्री का संकल्प लेकर चलते ही जाना है।

## न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने नष्ट की 7 करोड़ की अवैध शराब

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा में पुलिस के द्वारा तस्करों से पकड़ी गई शराब को न्यायालय के आदेश के बाद नष्ट किया जा रहा है। शुक्रवार को दादरी पुलिस ने भी मालखाने में रखी हुई शराब को नष्ट किया। इस दौरान 7 करोड़ रुपए की अवैध शराब को जेसीबी चलाकर नष्ट किया गया। गौतमबुद्ध नगर पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया था। इस दौरान शराब तस्करों की धरपकड़ हुई। उनसे अवैध शराब बरामद की गई। जिले में न्यायालय के आदेश के बाद मालखानों में रखी अवैध शराब को नष्ट किया जा रहा है। दादरी पुलिस ने 2015 से 2022 तक पकड़ी गई शराब को नष्ट किया। दादरी पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत 290 मुकदमे दर्ज किए थे। करीब 500 शराब तस्करों से 1,27,000 लीटर अवैध शराब बरामद की थी। तस्करों से बरामद की गई 1 लाख 27 हजार लीटर शराब दादरी थाने के मालखाने में रखी थी, जिसे लेकर न्यायालय ने आदेश दिया कि शराब को नष्ट किया जाए। न्यायालय के आदेश के बाद शुक्रवार को पुलिस ने शराब को मालखाने से निकालकर जेसीबी से नष्ट करा दिया। करीब 1,27000 लीटर शराब नष्ट की गई। कुल नष्ट की गई शराब की कीमत करीब 7 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

दादरी थाना प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश के बाद करीब 7 करोड़ रुपये की शराब को नष्ट किया गया है। यह शराब करीब 290 मामलों में पकड़ी गई थी। उन्होंने बताया कि यह शराब 2015 से लेकर 2022 के बीच पकड़ी गई है।

## राष्ट्रपति भवन के मुगल गार्डन का बदला नाम, अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रपति भवन में स्थित मुग़ल गार्डन का नाम बदल दिया गया है। मीडिया में आई जानकारी के अनुसार, अब मुग़ल गार्डन को अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। सरकार ने अमृत महोत्सव के तहत गार्डन का नाम बदला है। बता दें कि इस गार्डन में तरह-तरह के फूल होते हैं। राष्ट्रपति के उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता ने कहा, स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत भारत के राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के बगीचों को 'अमृत उद्यान' के रूप में एक सामान्य नाम दिया है।

अमृत उद्यान का उद्घाटन 29 जनवरी रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा और 31 जनवरी से 26 मार्च तक दो महीने के लिए जनता के लिए खुला रहेगा। आमतौर पर, उद्यान एक महीने के लिए जनता के दर्शन के लिए खुला रहता है। फरवरी से मार्च जब फूल पूरी तरह खिल चुके होते हैं। नविका गुप्ता ने कहा कि दो महीने की खिडक़ी के अलावा जो जनता के देखने के लिए उपलब्ध कराई गई है, सरकार ने बगीचे को विशेष समूहों, जैसे कि किसानों और अलग-अलग विकलांगों द्वारा देखने के लिए खुला रखने की भी योजना बनाई है।

उद्यान आम जनता के लिए सोमवार को छोडक़र हर दिन खुला रहेगा। साथ ही जानकारी यह भी मिल रही है कि यह उद्यान होली के अवसर पर आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

## पंजाब-हरियाणा समेत कई राज्यों में अगले दो दिन होगी बारिश, आईएमडी का अलर्ट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत में इन दिनों तेज हवाएं चलने और बारिश का सिलसिला अभी जारी है। मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते अगले दो दिनों तक उत्तर भारतीय राज्यों में बारिश की संभावना बनी हुई है। 27 जनवरी को राजधानी दिल्ली में न्यूनतम 9 और अधिकतम 21 डिग्री दर्ज किया गया, जो इस महीने का सबसे अधिक तापमान बताया जा रहा है।

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव में उत्तर-पश्चिम राज्यों में बारिश के आसार नजर आ रहे हैं। 29-30 जनवरी के बीच पश्चिम हिमालयी राज्यों – पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ में बारिश होने की संभावना है। 28 और 29 जनवरी को राजस्थान में और 29 जनवरी को दिल्ली में भी इसी तरह की मौसम की स्थिति रहने वाली है। वहीं, दिल्ली में आज भी तेज हवाएं चलेंगी और साथ ही धूप निकलने की भी संभावना है।

उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी बारिश होने की उम्मीद है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई शहरों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की उम्मीद की जा रही है। इस कारण इन इलाकों के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

उत्तर पश्चिमी राज्य पंजाब और हरियाणा के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति जस की तस बनी रहेगी। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान पहाड़ी राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, असम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में अलग-अलग इलाकों में सुबह और रात के समय लोगों को घने कोहरे छाए रहने की संभावना है।

### जम्मू में बादल, घाटी में बारिश व बर्फबारी की संभावना

**श्रीनगर (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने शनिवार को जम्मू संभाग में आमतौर पर बादल छाए रहने और अगले 24 घंटों के दौरान कश्मीर संभाग में बारिश या हिमपात की संभावना जताई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी के अनुसार केंद्र शासित प्रदेश में शुक्रवार को मौसम शुष्क रहा। अधिकारी ने कहा, अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू संभाग में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और कश्मीर संभाग में हल्की से मध्यम बारिश/बर्फबारी की संभावना है। इस बीच, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री सेल्सियस, पहलगाम में माइनस 6.9 और गुलमर्ग में माइनस 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लद्दाख क्षेत्र में, कारगिल शून्य से 14.8 डिग्री नीचे और लेह शून्य से 13.6 डिग्री नीचे था। जम्मू में 6.1 डिग्री, कटरा में 6.6, बटोटे में 2.5, जबकि बनिहाल और भद्रवाह में क्रमश: माइनस 0.4 और माइनस 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।